तापमान

अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 10 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 10 मार्च 2025



12 1792 कर्मियों पर रोजी रोटी का संकट, नहीं मिली प्रमोशन





12 पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर किया प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### इसराना फ्लाईओवर पर हादसे में एएसआई घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना फ्लाईओवर पर पानीपत में नियुक्त सहायक सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह निवासी गांव ढांड जिला जींद की की कार, आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। राजेंद्र, पानीपत से गोहाना होते हुए जींद जा रहे थे। इधर, राहगिरों ने हादसे में घायल हुए एएसआई राजेंद्र को कार से बाहर निकाला और परिजनों को मामले की सूचना देते हुए एनसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। इधर, इसराना थाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी।

### एंबुलेंस चालक ने नहीं की मदद, घायल की हुई मौत

**पानीपत।** रोहतक हाईवे पर गांव महराणा के पास शनिवार की रात को दो बाइकों की टक्कर में आदित्य निवासी गांव नौल्था जिला पानीपत गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नौल्था सीएचसी में ले जाया गया। यहां डॉक्टर नहीं मिला। जबकि सीएचसी में मौजूद एंबुलेंस ड्राइवर ने घायल आदित्य को एनसी मेडिकल कॉलेज ले जाने से मना कर दिया। आरोप है कि एंबुलेंस ड्राइवर नशे में धुत्त था। एंबुलेंस चालक के मना करने पर घायल आदित्य को ऑटो रिक्शा में सवार कर एनसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों न आदित्य को मृत घोषित कर दिया।

### पंचायती भूमि पर खड़े सफेदे के 20 पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** गांव मुकारबपुर की पंचायती भूमि पर खड़े सफेदे के 20 पेड़ किसी ने काट कर चोरी कर लिए। पुलिस ने बीडीपीओ की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। खंड छछरौली के बीडीपीओ सचेत मित्तल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव मुकारबपुर की पंचायती भूमि पर सफेदे के पेड़ लगे हुए हैं। उसे सूचना मिली थी कि अज्ञात व्यक्ति ने पंचायती भूमि पर खड़े सफेदे के पेड़ काट कर चोरी कर लिए हैं।

# चुलकाना धाम पर फाल्गुन सतरंगी मेले का शुभारंभ

देश व विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत के गांव चुलकाना धाम, जहां बाबा श्याम ने शीश का दान दिया, में फाल्गुन सतरंगी मेला रविवार को धूमधाम से शुरू हो गया। वहीं, चुलकाना धाम मेले में पहले दिन भक्तों की भीड़ लगी रही। समालखा, गन्नौर, सोनीपत, मेरठ, शामली, बागपत, रोहतक, जींद, सफीदों, गोहाना, करनाल, झज्जर, कुरुक्षेत्र, दिल्ली आदि से श्रद्धालुओं की पैदल भक्त मुंह में श्याम का नाम हाथों में निशान लेकर चुलकाना धाम पहुंचे।

- दिल्ली, यूपी, हरियाणा के विभिन्न भागों से पैदल यात्रा करते हुए धाम पर पहुंचे श्रद्धालु

इधर, राजस्थान से आया ऊंटों का जोड़ा श्री श्याम बाबा के मेले में आकर्षण का केंद्र रहा। इधर, बच्चों व महिलाओं ने मेले में खूब खरीदारी की। जबकि छदिया मोड़ पर लगे अनेकों झूले भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं, दिन भर चुलकाना धाम में भंडारे चलते रहे श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम में छप्पन भोग का भंडारा सुबह ही शुरू हो गया था, जिसमें भक्तों ने भंडारा ग्रहण किया। दूसरी ओर, कन्या पाठशाला में भी भंडारा चलता रहा और दिन भर रंग गुलाल चुलकाना धाम की सड़कों पर उड़ता रहा। इधर, श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के प्रधान रोशन लाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 150 निजी सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए है। मंदिर परिसर में 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आपातकालीन स्थिति के लिए एक डिस्पेंसरी की व्यवस्था की गई है।

दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए 35 व्हीलचेयर की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि मंदिर की सजावट के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। श्री श्याम बाबा के श्रृंगार के लिए कोलकाता से फूल मंगाए गए है। जबकि आरती ढोल-नगाड़ों की धुन पर होगी। रेलवे रोड से मंदिर तक पूरे रास्ते पर लाइटें लगाई गई है। वहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रास्ते में शौचालय बनाए गए है ताकि गंदगी ना फैले।




पानीपत। श्याम बाबा के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा करते हुए चुलकाना धाम की ओर बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़।

### 17 नाकों पर पुलिस

समालखा डीएसपी नरेंद्र ने बताया कि मेले में करीब 250 महिला व पुरूष पुलिसकर्मी तैनात किए गए है। जबकि चुलकाना धाम के विभिन्न मार्गों पर 17 नाके लगाए जाएंगे। पुलिस की राइडर टीम लगातार गश्त कर हालात पर नजर रखती रही। जबकि श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन के लिए गेट नंबर एक और तीन से प्रवेश करवाया गया। जबकि चुलकाना धाम के रास्ते में भंडारे सडक से दूर लगवाए गए ताकि यातायात व्यवस्था बाधित ना हो। दुकानदारों ने सख्त हिदायत पर अपना सामान अपनी दुकानों के अंदर रही रखा। वाहन पार्किंग गांव से बाहर करवाई गई।

# शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा को हुकटा ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कुलपति व उच्च अधिकारियों को 35 छंटनीग्रस्त रिसोर्स पर्सन को रिज़ोइन करने के 15 दिन पहले आदेश दिए थे, वहीं अभी तक किसी भी रिसोर्स पर्सन की बहाली नहीं हो पाई है।

- रेवाड़ी के 35 छंटनीग्रस्त रिसोर्स पर्सन की रिजॉइनिंग कराने की मांग

इसे लेकर हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को पानीपत में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के निवास पर मुलाकात कर की। शिक्षामंत्री ढांडा ने भरोसा दिलाया कि हम आइजीयू के छंटनीग्रस्त रिसोर्स पर्सन को रिज़ॉइन और आप सबको सेवा सुरक्षा देने जा रहे हैं। हम किसी को भी बेरोजगार नहीं होने देंगे। आइजीयू मीरपुर रेवाड़ी की अध्यक्ष कर्मवती यादव ने बताया कि हमारी यूनिवर्सिटी में कुल 97 स्वीकृत पदों में से लगभग 51 से 55 पोस्टों पर स्थायी टीचिंग की भर्ती के बावजूद भी 46 स्वीकृत पद रिक्त बचे हुए हैं। जिन पर छंटनीग्रस्त सभी 34 रिसोर्स पर्सन को बेसिक वेतनमान 57,700 पर पुनः बहाल किया जा सकता है।

### स्थायी भर्ती करे सरकार

वहीं हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष विजय मलिक ने बताया कि हम स्थायी भर्ती करने के पक्षधर हैं वहीं, दो आइजीयू रिवाड़ी में नियमित भर्ती छंटनी हुई है। उसके कारण अन्य विश्वविद्यालयों के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को भी रोजगार खोने का भय प्रतिदिन सता रहा है। प्रतिनिधिमंडल में आइजीयू रिवाड़ी से बीना रानी, प्रशांत बंसल, ज्योति, बीपीएस महिला खानपुर से मीनू, प्रतिभा कौशिक, निधि यादव, सीआरएसयू जींद से जगपाल मान आदि शामिल रहे।

# सोसाइटी संचालकों की गिरफ्तारी की मांग

- एचसीसी के छोटे कर्मियों को गिरफ्तार कर घोटाले को दबाने की चेष्टा की जा रही : कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

निवेशकों और एजेंटों के करोड़ों रुपये लेकर भागने वाली ह्युमन वेल्फेयर क्रेडिट सोसाइटी की ठगी के शिकार पीड़ितों ने कम्पनी मालिकों की गिरफ्तारी व लूटे गये रुपये वापस दिलाने की मांग को लेकर नारेबाजी की और आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट का.पीपी कपूर ने पीड़ितों की मांगों का समर्थन करते हुए बताया कि कम्पनी मालिकों की गिरफ्तारी और लूटा गया धन पब्लिक को वापस दिलवाने तक आंदोलन जारी रहेगा। गत 5 मार्च को हजारों पीड़ित निवेशक व एजेंट कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन कर सीएम को ज्ञापन भी दे चुके हैं।



पानीपत। ह्युमन वेल्फेयर क्रेडिट सोसाइटी के संचालकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए पीपी कपूर व अन्य।

# अवैध खनन करने पर 51 वाहनों के काटे चालान

- अवैध खनन पर रोक के लिए सर्च चैकिंग अभियान के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन व बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे सर्च चैकिंग अभियान के तहत बीती रात 1601 वाहनों की चेकिंग की गई।

इस दौरान नियमों की अवहेलना करने वाले 51 वाहनों के चालान काटे गए और उन पर 5 लाख 78 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है।



यमुनानगर। नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन का चालान करते टीम सदस्य।

### ये लगाया जुर्माना

अभियान के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 866 वाहनों की चैकिंग के दौरान आरटीए विभाग द्वारा 18 वाहनों का चालान कर 1 लाख 34 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 118 वाहनों की चैकिंग के दौरान 12 वाहनों का चालान कर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 510 वाहनों की चैकिंग के दौरान 9 वाहनों का चालान कर 1 लाख 48 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# लोकल वाहन चालकों पर भी टोल टैक्स लगाने की तैयारी

- बसताडा टोल टैक्स पार करना घरौंडा चालकों को पड़ेगा महंगा
- वाहन चालकों पर मासिक पास बनवाने का दिया जा रहा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

बसताडा टोल टैक्स पर लोकल वाहन चालकों के फ्री आवागमन पर ब्रेक लगाने की तैयारी टोल अधिकारियों ने कर ली है। वाहन चालकों को मासिक पास बनवाने पर दबाव दिया जा रहा है। जिससे शहर के लोगों में टोल अधिकारियों के प्रति नाराजगी दिखाई दे रही है।

टोल अधिकारियों का कहना है कि टोल से फर्जी आईडी लेकर काफी वाहन चालक निकल रहे हैं। जिसको रोकने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि बसताडा टोल से घरौंडा व आसापास के वाहन चालकों को आवागमन करने का कोई शुल्क नहीं लिया जाता था, लेकिन दो दिन से टोल अधिकारियों ने लोकल वाहन चालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। टोल कर्मचारियों ने काफी लोगों की लोकल गाड़ियां रोककर मासिक पास बनवाने की बात कही गई है। जिससे आए दिन वाहन चालकों व टोल कर्मियों में झगड़े हो रहे हैं।

### घरौंडा छूट की परिधि में

वाहन चालकों का कहना है कि टोल अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे मासिक पास नहीं बनवाएंगे। घरौंडा छूट की परिधि में आता है। टोल मैनेजर दिनेश कुमार ने बताया कि फर्जी आईडी काफी मात्रा में पकड़ी गई हैं।

### श्री श्री 1008 दिव्या भारती महाराज का देवलोक गमन

**मुलाना।** शिव धाम गौरी ताल मंदिर की प्रख्यात संत परम पूज्या श्री श्री 1008 साध्वी दिव्या भारती महाराज रविवार को अपने लौकिक जीवन की यात्रा पूर्ण कर देवलोक गमन कर गई । वे पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से अस्वस्थ थीं। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

साध्वी दिव्या भारती पिछले कई वर्षों से शिव धाम गौरी ताल मंदिर में विराजित थी। उन्होंने बीते 25 वर्षों से समाज कल्याण के लिए एक बंद कमरे में केवल एक समय फलाहार पर 51 दिनों की कठोर तपस्या की जिससे वे भक्तों के बीच ईश्वरीय शक्ति और त्याग की मिसाल बन गईं। उनके देवलोक गमन पर सासंद वरुण चौधरी, विधायक पूजा चौधरी, पूर्व विधायक संतोष सारवान, राजबीर बराड़ा,श्रीपाल जैन, मोनिका कालड़ा, देवेंद्र नागपाल आदि ने शोक जताया है।

# रमन हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस ने लिया दो दिन का रिमांड
- गांव टोपराकलां में ईंटों से हमला कर की गई थी रमन की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

तीन दिन पहले गांव टोपराकलां में ईंटो से हमला कर की गई रमन (30) की हत्या मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन का रिमांड ले लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से पुलिस पूछताछ करने में लगी है।

खेड़ी लक्खा सिंह पुलिस चौकी प्रभारी शमशेर राणा ने बताया कि रमन की हत्या मामले के आरोपी पारस, मुस्तकीम व सचिन को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गत 7 मार्च को उन्होंने रमन को फोन करके घर से बुलाया था। इस दौरान जब रमन सैनी धर्मशाला के पास पहुंचा तो सचिन ने उसे धक्का दे दिया और मुस्तकीम ने उसे पकड़ लिया। उसके बाद पारस ने पास में पड़ी ईंट उठा कर उसके मूंह पर सिर पर करीब आठ वार किए और उसे लहूलुहान कर दिया। इसके बाद वह तीनों मौके से भाग गए। बाद में देर रात तक जब रमन घर नहीं पहुंचा तो उसके परिजनों ने उसकी तलाश की। तलाश के दौरान रमन सैनी धर्मशाला के पास खून से लथपथ हालत में मिला। जिसे तुरंत अस्पताल में ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया और वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चौकी प्रभारी शमशेर सिंह राणा ने बताया कि आरोपियों ने बताया कि मृतक रमन के साथ उनका पांच सौ रुपये को लेकर झगड़ा हुआ था।



यमुनानगर। आरोपियों को अदालत में पेश करने ले जाते हुए पुलिस।

### ये है मामला

गांव टोपरा कलां में गत सात मार्च को आरोपी सचिन, पारस व मुस्तकीम ने पैसे के लेनदेन को लेकर रमन पर ईंटो से प्रहार कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया था। गंभीर हालत में उसे पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया था। पीजीआई में उपचार के दौरान रमन की मौत हो गई थी। गत आठ मार्च को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया था और तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी।

### गोल्ड में इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगे 12.28 लाख

**यमुनानगर।** जगाधरी के एक व्यक्ति से टेलीग्राम पर लिंक भेज कर गोल्ड में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 12 लाख 28 हजार रुपये ठग लिए। व्यक्ति को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

जगाधरी की लोहारन गली निवासी मुकेश बक्शी ने पुलिस को बताया कि 11 नवंबर को उनके टेलीग्राम पर एक लिंक आया। उसे क्लिक किया तो वह एक सैने गोल्ड ग्रुप से जुड़ गए। सबसे पहले 10 हजार रुपये एक बैंक खाते में ट्रांसफर करा कर 24 घंटे में ही मुनाफे के साथ 14 हजार रुपये लौटा दिए। मुकेश बक्शी ने बताया कि इस तरह से कंपनी ने भरोसा जमाने के बाद उससे धीरे-धीरे लाखों रुपये ट्रांसफर कर लिए। मगर उसे मुनाफा नहीं दिया गया।

## ऊर्जा मंत्री विज बोले, युवाओं का खेल देखकर बेहद खुशी हुई

# स्पर्धा में बॉडी बिल्डर्स ने दिखाई मजबूत मांसपेशियां

- अंबाला फिटनेस एंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की ओर से प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने रविवार को सुभाष पार्क के ओपन एयर थियेटर में आयोजित मिस्टर अंबाला बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ओपन एयर थियेटर सही सोचकर बनाया था कि उनके शहर में भिन्न-भिन्न गतिविधियां होती रहे। अंबाला फिटनेस एंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की ओर से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। विज ने कहा कि ओपन एयर थियेटर में और भी कई कार्यक्रम होते रहते हैं। एक भी सप्ताह ऐसा नहीं जाता जब यहां पर कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम न होता हो। यही उनका सपना था कि उनके शहर के लोग हंसते, खेलते व नाचते रहे। उनके शहर के बच्चे बॉडी बिल्डिंग में आगे बढ़े उसके लिए जो भी सहायता होगी वह अपनी तरफ से करेंगे। वह युवाओं से आह्वान करते हैं कि बॉडी बिल्डिंग के कौशल को दूसरे लोगों में भी बांटे। बॉडी बिल्डिंग को बढ़ावा देने के लिए जो मदद उनकी तरफ से होगी वह करेंगे।



अंबाला। विजेता बॉडी बिल्डर को सम्मानित करते मंत्री अनिल विज।

### मिस्टर हरियाणा प्रतियोगिता भी छावनी में हो

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मिस्टर अंबाला की जो प्रतियोगिता यहां हो रही है , मिस्टर हरियाणा व मिस्टर भारत की प्रतियोगिता भी छावनी में हो। यह पैगाम जाना चाहिए कि बॉडी बिल्डिंग में अम्बाला छावनी सबसे आगे है। यहां के अखाड़ों में शाम को रौनक लगे और नौजवान अभ्यास करें, यही वह चाहते हैं।

### विजेता सम्मानित

विज ने प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर एसोसिएशन की ओर से विकास जिंदल एवं अन्य ने उनका स्वागत किया। मौके पर भाजपा नेता नरेंद्र राणा, फकीरचंद सैनी, मदनलाल, प्रमोद लक्की, मोहित कौशिक, हर्ष बिंद्रा, रवि बुद्धिराजा, दीपक भसीन आदि मौजूद रहे।

### शहीद स्मारक का लोगो तैयार करने के लिए मांगे गए आवेदन

**अंबाला।** प्रदेश सरकार द्वारा आजादी की पहली लड़ाई में शामिल और शहीद हुए वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने हेतु अंबाला-नई दिल्ली नेशनल हाईवे-एनएच 44 पर 22 एकड़ भूमि पर एक विशाल शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से इस शहीद स्मारक के लिए प्रतीक चिह्न (लोगो) तैयार करने हेतु इच्छुक लोगों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। चयनित को विभाग की ओर से एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। प्रविष्टियां भेजने की अन्तिम तिथि 1 अप्रैल 2025 को सांय 5 बजे तक है। प्रतिभागी को अपनी प्रविष्टियां भेजते समय निर्धारित नियमों एवं शर्तों का पालन करना होगा।

# बच्ची से दुष्कर्म करने के तीनों आरोपी गिरफ्तार

- दो नाबालिग आरोपियों को बाल सुधार गृह भेजा गया
- अदालत ने तीसरे आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले उसके तीनों रिश्तेदार भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में दो नाबालिग हैं। पुलिस ने तीन आरोपियों को अदालत में पेश किया जहां से दो नाबालिग आरोपियों को बाल सुधार गृह तथा तीसरे आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जिला वेलफेयर कमेटी की अध्यक्ष नीरा जैन ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि शहर के जगाधरी वर्कशॉप रोड स्थित रहने वाले एक व्यक्ति ने तीन मार्च को जिला बाल संरक्षण अधिकारी को उसकी आठ वर्षीय बच्ची का दाखिला बालकुंज में करवाने के बारे में प्रार्थना पत्र दिया था। बालिका बाल गृह छछरौली में बच्ची की काउंसलिंग की तो बच्ची ने उसके चाचा के लड़के तथा बुआ के दो बेटों द्वारा उसके साथ गलत काम करने के बारे में बताया गया।

### आरोपी चचेरे भाई

मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करा दिया था। एसएचओ महिला थाना बलजीत कौर ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### लावारिस मिला पर्स लौटा कर दिखाई ईमानदारी

**कुरुक्षेत्र।** डेरा सच्चा सौदा से जुड़े एक सेवादार ने हजारों रुपए की नकदी भरा लावारिस पर्स असल मालिक को लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया है। सेवादार के इस कार्य की चहुंओर सराहना हो रही है। डेरा प्रेमी सुखविंद्र सिंह इन्सां ने बताया कि सेवादार अमी लाल इन्सां निवासी गांव धन्यौड़ी, ब्लॉक मोहड़ा, जिला अंबाला गत दिवस शाहाबाद से गांव की तरफ जा रहा था कि मारकंडा पुल के पास उसे सड़क पर गिरा एक पर्स मिला, जिसमें लगभग 20 हजार इंडियन और फॉरेन करंसी थी।

### हॉकी में खिलाड़ियों ने पाया तीसरा स्थान



**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय सिविल सेवाएं हॉकी में हरियाणा पुरुष टीम ने ओडिशा ओर महिला टीम ने मेजबान आन्ध्र प्रदेश की टीम को हरा कर पुरुष ओर महिला टीमें ने तीसरा स्थान हासिल किया है। अखिल भारतीय सिविल सेवा हॉकी प्रतियोगिता आंध्रप्रदेश काकीनाडा में 15 से 28 फरवरी को आयोजत की गई थी। इसमें कुरुक्षेत्र के 5 खिलाड़ी प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, दीपक सैनी पुरुष टीम मैं ओर अनु, स्वाति महिला टीम ने हरियाणा प्रदेश की टीम में शामिल होकर प्रतियोगिता में भाग लिया था। सभी खिलाड़ियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण हॉकी कोच शिव कुमार सैनी के अंतर्गत बहुत सालों से प्रशिक्षण लिया है।

### ब्रह्माकुमारीज में महिला दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मूल्य निष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान विषयक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में जिला सेशन जज डॉ नीलिमा सांगला मुख्य अतिथि रही, जबकि जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से प्रोफेसर अनीता दुआ, समाज सेविका निशी गुप्ता विशिष्ट अतिथि रही। केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने अध्यक्षता की। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बी.के प्रियंका बहन और सिमरन ने पटका पहना कर और पौधा भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। अपने संबोधन में डॉ नीलिमा सांगला ने मातृशक्ति को प्रणाम करते हुए कहा कि यहां आकर अशांति और तनाव कोसों दूर भागता है।

---

कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया

# सारिका भाटिया महिलाओं के लिए मिसाल बनीं: रेखा

**पंजाबी गायिका रमन रूमाना ने अपनी गायिकी के जलवे दिखाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कोई भी अपनी दिवंगत पत्नी की यादों को किस तरह जीवित रखता है। वह अपने त्याग और समर्पण के माध्यम से किसी अभियान को किस तरह शुरू करता हैं। इसकी झलक गूंज में दिखाई दी। जिसकी आवज करनाल ही नहीं प्रदेश भर में सुनाई दी।

सारिका भाटिया चैरिटेवल ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की प्रदेश की जानी मानी महिलाओं को टिव्यूट करने के लिए रंगारंग कार्यक्रम गूंज का आयोजन मंगलसैन आडीटोरियम में शाम छह बजे से किया गया। इस अवसर पर अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला स्वयंसिद्धाओं को सम्मानित किया गया। । कार्यक्रम मे पंजाबी गायिका रमन रूमाना ने अपनी गायिकी के जलवे दिखाए। कार्यक्रम में फैशन शो के माध्यम से बुद्धा ग्रुप के विद्यार्थियों ने समय के साथ फैशन के बदलते दौर को दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी तथा करनाल के विधायक जगमोहन आनंद की पत्नी रेखा आनंद ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे रहना चाहिए। उन्होंने सारिका भाटिया के जीवन को महिलाओं के लिए मिसाल बताया। । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मिसेज इंटरनैशनल शैली शर्मा पूर्व मेयर रेनु वाला गुप्ता, महिला उद्यमी पूनम गट्टानी,पूर्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. वंदना भाटिया ने कहा कि महिलाओं को मिल कर तस्बीर बदलना चाहिए। इस अवसर पर स्वर्गीय सारिका भाटिया के जीवन पर बनी फिल्म को प्रदर्शित किया गया। इसमें उनके जीवन के विभिन्न पक्षों को उजागर किया। उन पर बनी फिल्म को देख लोगों की आंखे नम हो गई। कार्यक्रम में विनीत भाटिया तथा सोनिया चौपड़ा ने आकर्षक प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम में सारिका भाटिया चैरिटेवल ट्रस्ट की चेयरमैन डा. आकांक्षा भाटिया, डा. सार्थक भाटिया ने अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में भाटिया सेवा मंच के साथ अन्य संस्थानों ने सहयोग किया। इस अवसर पर रघुनाथ मन्दिर स्कूल के नौ के सोनिया और चैतन्या और और दस वी के कर्तिक चांदनी की नकद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पवन शर्मा ने किया। इस अवसर पर गुरुवक्स मनचंदा पूर्व मंत्री शशी पाल मैहता,संजय भाटिया नरेंद्र भांवा प्रवेश गाबा हरमीत सिंह हैप्पी, पवन गट्टानी,भाविक गट्टानी लायंस क्लब के प्रधान विनोद खेत्रपाल, उद्योगपति भूषण गोयल, शिक्षाविद तितिश गुप्ता, नितिन अरोड़ा,विजय भाटिया मंगल सैन विजय कोहली,डा. रोहित गोयल सोनू धवन सुनील शर्मा डा. कमल चराया सहित समज के प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।





#### इन हस्तियों को सम्मानित किया गया

सारिका भाटिया चैरिटेवल ट्रस्ट की चेयरमैन डा. आकांक्षा भाटिया, डा. सार्थक भाटिया ने बताया कि साहित्य के क्षेत्र मे अंजू शर्मा को, स्वास्थ्य के क्षेत्र मे नपुर चराया को,शिक्षा के क्षेत्र में पूनम भाटिया को , पत्रकारिता के क्षेत्र में अनीता सिंह को,संगीत के क्षेत्र में रीतू भाटिया को , फूड फार हंगर के क्षेत्र में सोनिया चोपडा को आईटी एवं डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में मंजू अरोडा को , एस्ट्रोलोजी के क्षेत्र में आचार्या गौरी मां को एंजेल टेरो कार्ड रीडिंग कमिटमेंट टूवड्र्स अनप्रिविलेज्ड एंड सीनियर सिटीजंस के क्षेत्र में डा. साध्वी तनेजा को , पर्यावरण के क्षेत्र में डा. भारती भारद्वाज को ,पर्यावरण के क्षेत्र में रेणु भाटिया को, उद्यमिता के क्षेत्र में दीपशिखा ग्रोवर को, बाल कल्याण के क्षेत्र में पुष्पा भाटिया को अवार्ड दिया।



---



### महिला दिवस पर महिलाओं को अधिकार बताए

**करनाल।** भारत विकास परिषद माधव परिवार करनाल की महिला विंग की ओर से संत कबीर पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा पब्लिक स्कूल में बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही किन्नर अदिति शर्मा तथा सुभद्रा वृद्ध आश्रम का संचालन कर रही नीलू को डा. सुचेता गुप्ता और डा. सरिता ठाकुर ने स्मृति चिह्न भेंट किए। इस मौके पर माधव परिवार की महिला प्रमुख परिणीता कपूर ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के उद्देश्य से मनाया जाता है। सभी महिला सदस्यो ने इस पर विस्तार से चर्चा की और अपने अपने विचार रखे। इस दौरान होली पर्व भी मनाया गया। महिलाओं ने एक दूसरे पर फूल बरसाए। होली के गीत गाए गए। भगवान श्री राधा कृष्ण को समर्पित भजन गा कर सबके मंगलमय

### उंचाइयों को छू रही है आज की नारी



**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में एनसीसी आर्मी विंग तथा एयर विंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रेरणात्मक व्याख्यान, महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। एनसीसी आर्मी विंग की सीटीओ सौम्या ने प्राचार्या का स्वागत किया। प्राचार्या ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज की नारी प्रत्येक क्षेत्र में बढ़चढ़ कर उपस्थिति दर्ज करवाते हुए उंचाइयों को छू रही है। उन्होंने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए और अधिक उपलब्धियां प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। महिला सशक्तिकरण और जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

## श्याम बाबा के दरबार में सुंदर भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल ने किया आयोजन**

- कर्ण नगरी के श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुण उत्सव की धूम मची हुई है

हरिभूमि न्यूज करनाल

कर्ण नगरी के श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुण उत्सव की धूम मची हुई है। श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। रोजाना शाम को श्रद्धालु तीन से चार घंटे संकीर्तन कर श्याम बाबा को रिझाने के लिए पहुंचते हैं। हरियाणा के साथ दूसरे राज्यों से भजन गायक श्याम बाबा की महिमा का बखान कर रहे हैं। बच्चे भी हाथों में निशान लेकर जय श्री श्याम के जयकारे लगाते दिखाई पड़ते हैं। 10 दिवसीय उत्सव के आठवें दिन जतीन जिंदल (पेहवा), श्रवन राज शाहबाद ने अपने भजनों से जहां श्याम बाबा को रिझाया, वहीं संकीर्तन में मौजूद श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। यजमानों और अतिथियों के रूप में कैलाश बजाज, मोहित चौधरी (न्यायधीश दुमका), निपून गर्ग, सीमा गुप्ता, विनीत गर्ग, मित्तू सैनी, उमा आहुजा, संगीत गर्ग व पंकज जैनने शिरकत की। गौकर्ण गऊ सेवा परिवार, श्री श्याम बाला जी दर्शन सेवा समिति व श्री मौरवीनंदन परिवार के सदस्यों ने भी श्याम बाबा का आशिर्वाद लिया।



---

## विधायक जगमोहन आनंद ने आमजन के साथ की चाय पर चर्चा, सुनीं समस्याएं

**विधायक ने तत्काल समस्याओं का समाधान किया**

- निकाय चुनाव में कम मतदान प्रतिशत पर सीएम को सौंपेंगे जल्द रिपोर्ट : जगमोहन आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम चुनावों के बाद करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने इस रविवार को फिर से आमजन के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने के लिए जुटे और अपनी समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा। विधायक ने तत्काल उनकी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता उनका परिवार है और उनसे जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाना उनका दायित्व है। चाय पर चर्चा कार्यक्रम की शुरुआत भजन के साथ हुई। इसके उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने आमजन की समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका समाधान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भारी बहुमत से जीत दिलाकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है। मैं जनता का सेवक हूं और उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज हरियाणा विधानसभा में उठाउंगा।



#### छह महीने तक विपक्ष का नेता नहीं चुन पाई कांग्रेस

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाप्ति की ओर है। इस पार्टी में कोई कार्यकर्ता रहने वाला नहीं है। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है लेकिन अभी तक विपक्ष का नेता नहीं चुना गया है। उनके नेताओं की बॉडी लैंगवेज हताशा वाली है। उनकी कोई लीडरशिप नहीं है। हाईकमान खत्म हो चुकी है। उनके सभी नेताओं की अलग-अलग कांग्रेस है। कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर है।

---

## महापुरुष सम्मान दिवस मनाकर 36 बिरादरी के भाईचारे की मिसाल कायम करेगी जाट महासभा

- निकाय चुनाव में कम मतदान प्रतिशत पर सीएम को सौंपेंगे जल्द रिपोर्ट : जगमोहन आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाईचारे की मिसाल कायम करते हुए 36 बिरादरी के लोगों को साथ लेकर करनाल की जाट महासभा एक कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। 22 मार्च को महापुरुष सम्मान दिवस का आयोजन जाट धर्मशाला में किया जाएगा।

इस दिन शहर में स्थापित सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम जाट धर्मशाला में होगा। रविवार को जाट महासभा करनाल की मीटिंग जाट धर्मशला में महासभा के प्रधान भूपिंद्र लाठर (भुप्पी) की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महासभा की करनाल जिला के सभी ब्लॉकों से पदाधिकारी शामिल रहे। विचार विमर्श के बाद कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। प्रधान भूपिंद्र लाठर ने कहा कि जाति और धर्म से उपर उठ कर देश हित में काम करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। देश को आजाद करवाने में सभी बिरादरियों का योगदान रहा है।



#### गांव गांव जाकर देंगे कार्यक्रम का न्यौता

प्रधान भूपिंद्र लाठर ने कहा कि आज की मीटिंग में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबको डयूटियां सौंपी गई हैं। कार्यक्रम का आयोजन 22 मार्च को महापुरुष सम्मान दिवस का आयोजन जाट धर्मशाला में किया जाएगा। जिसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

#### शिक्षा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा करनाल जिला के सभी विधायकों, विधानसभा अध्यक्ष, सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्व समाज के होनहार बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी के लिए जाट महासभा की कार्यकारिणी से संपर्क किया जा सकता है।

---

## विधायक ने किया करोड़ों की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास

- कर्ण नगरी के श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुण उत्सव की धूम मची हुई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने इंद्री विधानसभा क्षेत्र के बड़ागांव में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर जनता को सौगात दी । उन्होंने बड़ागांव में 42.73 लाख रुपए की लागत से अंबेडकर भवन, 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाली ब्राह्मण चौपाल, 27.59 लाख रुपए की लागत से किसान खेत योजना के तहत सात रास्तों, 25.55 लाख रुपए की लागत से श्रीधाम योजना के अंतर्गत दो शिव धाम के रास्तों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया । इसी प्रकार गांव बीबीपुर में लाखों रुपए की लागत से फिरनी का उद्घाटन भी किया गया । उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ करें और उच्च क्वालिटी की निर्माण सामग्री का ही प्रयोग करें । उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में देश व प्रदेश को मजबूती मिली है और प्रगति के पथ पर देश के साथ-साथ प्रदेश भी आगे बढ़ा है । उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार का पूरा प्रयास है कि जनहित की योजनाओं का लाभ जनता को मिले । इस अवसर पर भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



इंद्री। विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करते विधायक रामकुमार कश्यप । फोटो : हरिभूमि

---

## देवी मंदिर में लगे शिविर में 292 यूनिट रक्त एकत्रित

**श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल ने किया आयोजन**

- कर्ण नगरी के श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुण उत्सव की धूम मची हुई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से देवी मंदिर इंद्री में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पताल, करनाल के ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त एकत्रित किया । इस शिविर के लिए लगभग 315 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 292 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता ये सिर्फ एक मनुष्य ही दूसरे को दे सकता है, इसलिए हमे नियमित रुप से रक्तदान अवश्य करना चाहिए । उन्होंने बताया कि रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि नियमित रक्तदाता को बहुत सी बीमारियों से छुटकारा मिलता है । उन्होंने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडक्े एवं लडक्ी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिये। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस रक्तदान शिविर के आयोजन में मंदिर सुधार सभा के प्रधान पवन सिंगला, नरेश गुप्ता, गगन सिंगला, वैभव सिंगला, नितिन गांधी, हिमांशु भाटिया, हिमांशु जिंदल, राकेश गर्ग, विपिन लूथरा, प्रदीप गोयल, सोनू कुमार, सुरेश सैनी, सतीश गांधी, राकेश गांधी, अमनप्रीत, दक्ष, अंकित कंबोज, अविनाश सचदेवा, लवली विनायक, अमित चोपड़ा आदि रहे।



इंद्री। देवी मंदिर इंद्री में लगे रक्तदान शिविर मे रक्तदान करते रक्तदाता और उपस्थित आयोजक। फोटो : हरिभूमि

---

**आयोजन** प्राथमिक शिक्षा ही जीवन की आधारशिला है: शिव नाथ कपूर

## टैलेंट शो में नन्हे-मुन्नों की प्रतिभा को देखकर आश्चर्यचकित हुए आयोजक

**एसडीएमएन विद्या मंदिर के जूनियर विंग में आयोजित टैलेंट शो के विजेता बच्चे सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

एसडीएमएन विद्या मंदिर के जूनियर विंग में आयोजित टैलेंट शो में बोलते हुए शिक्षा समिति के महासचिव एवं भाजपा नेता शिव नाथ कपूर ने कहा कि यद्यपि शिक्षा तीन भागों में विभाजित होती है जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा तथा उच्च शिक्षा। माध्यमिक शिक्षा तो उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करती है जबकि प्राथमिक शिक्षा माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा की आधारशिला होती है। शिव नाथ कपूर ने इस विद्यालय को क्षेत्र का एक विश्वसनीय विद्यालय बताते हुए कहा कि यह विद्यालय प्राथमिक शिक्षा से ही शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार रोपित करने का काम करता है। इस अवसर पर सैकड़ों छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में हरियाणा कर्मचारी चयन बोर्ड के सदस्य कपिल अत्रेजा ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि छोटे छोटे बच्चों में अनुशासन देखकर वह अभिभूत हैं। उल्लेखनीय है कि स्कूल में नये बच्चों द्वारा नर्सरी में दाखिला लेने फीस व दाखिले की फीस में 50 प्रतिशत तक रियायत भी दी जाती है। स्कूल के प्रधान सूरज दुआ ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समिति का उद्देश्य केवल ओर केवल निरंतर 60 वर्षों से एक मिशन के रुप में कार्य कर रही है। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रेखा चौहान एवं दीपिका जुनेजा ने कहा प्राइमरी विंग में बच्चों में बाल्यकाल से ही अनुशासित व संस्कारवान बनाए जाने पर फोकस किया जाता है। कपिल अत्रेजा सहित उपस्थित समिति के सदस्यों ने हर भागीदार बच्चों के उत्साह के लिए को स्मृति चिन्ह भी प्रदान कर मनोबल बढाया।



नीलोखेड़ी। मुख्यातिथि कपिल अत्रेजा का अभिवादन करते समिति के सदस्य।



नीलोखेड़ी। स्कूल के बच्चे कार्यक्रम मे भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### होलिका का दहन 13 मार्च को

**पानीपत।** पानीपत में होलिका का दहन 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होगा। जबकि फाग शुक्रवार को खेला जाएगा। इस पर्व की मान्यताएं होलिका- प्रहलाद के साथ ही बसंत ऋतु और नई फसल से भी जुड़ी हैं। वहीं ज्योतिषाचार्य पंडित विजय वशिष्ठ ने बताया कि हरियाणा में होली पर्व धूमधाम से मनाया जाता है।

### पानीपत में तीन पीढ़ियों ने की वोटिंग

**पानीपत।** पानीपत के यमुना एनक्लेव निवासी 73 वर्षीय दीवान चंद आहूजा ने अपने पुत्र राजेश आहूजा और पोते वेदांत के साथ नगर निगम के मेयर व पार्षद पदों के लिए किया। वहीं दीवान चंद आहूजा ने बताया कि वे अपने जीवन काल में विभिन्न चुनावों में 23 बार वोटिंग कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक बहुत ही खुशकिस्मत है कि उन्होंने दुनिया के सबसे बडे प्रजातंत्रिक देश में जन्म लिया और वे अपने वोट से गांव के पंच से लेकर सांसद तक चुनते है।

### हेल्पेज ऑर्फन्स ने भोजन बांटा

**पानीपत।** हेल्पेज ऑर्फन्स संस्था ने अपने स्थापना दिवस पर भोजन वितरण समारोह का आयोजन प्रोजेक्ट आहार के बैनर तले ओल्ड कोर्ट रोड राम लाल बत्ती चौक पर किया। संस्था के संस्थापक मनन सिंगल ने बताया कि संस्था का प्रोजेक्ट आहार भारत देश में वर्ष 2030 तक मिशन जीरो हंगर पर फोकस करता है। वहीं, करीब 2500 जरूरतमंदों को भोजन बांटा गया। हेल्पेज ऑर्फन्स से गगन दीप सिंह, अर्जुन काठपाल, डॉ. दीप्ति जैन, विवेक सचदेवा, प्राची जैन, अक्षय गेरा, गवीश त्रेहन, जतिन वर्मा, नीतू जैन, युवराज, सनव गांधी, राघव चावला, मनदीप कौर व वरुण राज आदि मौजूद रहे।

### रेडक्रास ने 150 व्हील चेयर दी

**पानीपत।** पानीपत रेडक्रास सोसाइटी ने नगर निगम चुनाव के उपलक्ष्य में जिला पानीपत के मतदान केन्द्रों पर दिव्यांगजनों व बजुर्गो की सहायतार्थ 150 व्हील चेयर उपलब्ध करवाई गई। जिसमें पंचायत विभाग को विशेष योगदान रहा। सचिव रैडक्रास गौरव राम करण ने बताया कि इस कार्य को हरमेश चन्द, बलबीर सिंह, लाल चंद, जसमेर, अशोक कुमार, विरेन्द्र, विकास, कला भारद्वाज, प्रदीप कुमार की अगुवाई में 300 से अधिक स्वयं सेवकों ने दिव्यांगजनों व बुजुर्गों को वोट डालने में सहायता प्रदान की।

### डॉ. सुरेंद्र रावत ने सितार बजाया

**पानीपत।** पानीपत के गांव नन्हेड़ा निवासी सितार वादक डॉ. सुरेन्द्र रावल ने महाराष्ट्र के मुंबई में आयोजित भारत सरकार के कार्यक्रम क्रिएट इन इंडिया चैलेंज में ऑडिशन दिया है। जिससे गांव ही नही बल्कि पूरें क्षेत्र में खुशी का माहौल है। डॉ. सुरेन्द्र रावल ने बताया कि सरकार के कार्यक्रम क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का उद्देश्य अपनी प्रतिभा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लेकर जाना है जिसके मेगा ऑडिशन सिंफनी ऑफ इंडिया भारत की गूंज में मुंबई हुआ है।

### काली बाबा धाम पर यज्ञ किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम के काली सिंह बाबा धाम पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का यज्ञ व विशाल भंडारे के साथ संपंन हो गई। इस धार्मिक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली व आसपास के गांवों से आए हजारों की संख्या में बाबा का पूजन किया। वहीं, कथा वाचक स्वामी चित्पूर्णानंद सरस्वती ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मानव जीवन को सुखद अनुभूति होती है।

### स्वच्छता जागरूकता के उद्देश्य से कैंप लगाया

**पानीपत।** महिला दिवस पर जरूरमंद महिलाओं के लिए यूनिचार्म कम्पनी द्वारा किडनी हॉस्पिटल में इन्नर व्हील मिडटाउन की प्रतिभगिता में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता के उद्देश्य से कैंप लगाया। गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. मनीषा कादियान ने महिलाओं में मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए मार्ग दर्शन किया।

---

### छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक हुआ मतदान

# मेयर व 26 पार्षद पदों के लिए 365 मतदान केंद्रों पर 214564 मतदाताओं ने मतदान किया

**केंद्रों पर खराब होने पर 60 ईवीएम बदली गई, चैंपियन क्रिकेट के फाइनल मैच के कारण कम हुआ मतदान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत





भाजपा की मेयर पद की उम्मीदवार कोमल सैनी मतदान करने के बाद अपने परिजनों के साथ प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

पानीपत नगर निगम मेयर पद के लिए 52.20 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं निगम के मेयर व 26 पार्षद पदों के लिए 365 मतदान केंद्रों पर 214564 मतदाताओं ने मतदान किया।

जबकि पानीपत निगम क्षेत्र में 411038 मतदाता है। वहीं, पानीपत प्रशासन ने 40 बूथ सेंसिटिव, 14 हाइपर सेंसेटिव बूथों पर सुरक्षा के कडे इंतजाम किए थे।

#### भाजपा नेता सक्रिय रहे

भाजपा की मेयर कैंडिडेट कोमल सैनी ने लाइन में लग कर अपना मतदान किया। इनके सुसराल वालों ने भी मतदान किया। जबकि कोमल के सुसर रामकुमार सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट लगातार मतदान केंद्रों का दौरा कर हालात पर कडी नजर बनाएं रहे। इधर, मतदान संपंन होने के बाद सभी बूथों की ईवीएम को सील कर स्ट्रांग रूम में लगाया गया और यहां जमा किया गया।

#### कांग्रेसी व आप नेता मैदान में नहीं

कांग्रेस मेयर प्रत्याशी सविता गर्ग ने डाला वोट। जबकि कांग्रेसी व आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी व नेतागण मैदान में नजर नहीं आए। कांग्रेस व आप नेता चुनाव प्रचार में भी ढीले नजर आए। मतदान केंद्रों पर कांग्रेसी व आप के एजेंट आदि भी कम ही नजर आए, यदि कई एजेंट थे तो खाली बैठे नजर आए।

#### मोदी के सहयोगी ने डाला वोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संघर्ष के दौर के साथी रहे वयोवृद्ध भाजपा नेता चौधरी नीतिसेन भाटिया ने अपने पुत्र नवीन भाटिया के साथ मतदान किया। वहीं नवीन भाटिया भी मेयर पद के लिए भाजपा के टिकट के दावेदार थे। दूसरी ओर, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने भी अपने परिवार के साथ मतदान किया।



पानीपत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोगी रहे नीतिसेन भाटिया, मतदान करने के बाद अपने पुत्र नवीन भाटिया के साथ प्रसन्न मुद्रा में।

#### वोटिंग पर भारी पड़ा क्रिकेट मैच

चैंपियन ट्राफी के लिए दुबई में खेले जा रहे भारत व न्यूजीलैंड के फाइनल मैच के चलते ढाई बजे से पहले ही क्रिकेट प्रेमी अपने घरों में टीवी के आगे डट गए। क्रिकेट प्रेमियों के बीच नगर निगम चुनाव को लेकर रूझाम सुबह से ही कम नजर आया। माना जा रहा था कि पानीपत में 60 से 65 प्रतिशत मतदान हो जाएगा। वहीं आप व कांग्रेसियों के द्वार चुनाव में रूचि कम लिए जाने के चलते भी मतदान कम रहा।

---

## बनेगी छोटी सरकार




पानीपत। नगर निगम चुनाव में मतदान केंद्र पर निराश बैठा आप का एजेंट।




पानीपत। अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र निरीक्षण करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। मतदान केंद्र के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते हुए पुरूष मतदाता।




पानीपत। निवाणी स्कूल में सेल्फी लेते हुए समाजसेवी दिनेश जैन।



पानीपत। पूर्व सांसद संजय भाटिया मतदान के बाद प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि




पानीपत। नगर निगम चुनाव में संभावित जीत पर प्रसन्नता जताते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट आदि। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। पानीपत रेडक्रास से जुडे स्वयं सेवी बुजुर्ग मतदाता को व्हील चेयर पर लेकर जाते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

### आईडी को सेल्फ स्टीफाइड को निगम लगाएगा कैंप

**पानीपत।** नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों को बेहतर सेवा के लिए प्रशासन ने समय-समय पर ठोस कदम उठा कर उन्हें राहत प्रदान की है व उनकी दुख तकलीफों को समझकर उन पर मुस्तैदी पूर्वक कार्य किया है। निगम कमिश्नर डॉ. पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कड़ी में सोमवार को नगर निगम पानीपत के माध्यम से प्रॉपर्टी आईडी को सैल्फ स्टीफाइड करने के लिए शिवरों का आयोजन करेगा। ये शिविर तीन अलग-अलग स्थान पर आयोजित किए जाएंगे। निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने सभी नगर वासियो से अनुरोध है किया है कि वो इसमें रुचि लेकर अपनी प्रोपटी आईडीको सैल्फ सर्टीफाईड करवाएं।

## टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

- टूर्नामेंट में 16 टीम दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश आदि ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



पानीपत। लक्ष्मी क्रिकेट एकेडमी गांव चंदौली के मैदान पर विजेता टीम के पुरस्कृत करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

लक्ष्मी क्रिकेट एकेडमी गांव चंदौली के मैदान में तीसरे तेजमाल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। जिसमें 16 टीम दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश आदि ने हिस्सा लिया। जिसमें भारत के लिये अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके, आईपीएल, रणजी खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। वहीं फाइनल मैच क्रिकेट अकादमी ऑफ़ नरवाल ( करनाल) और फ्रेंड्स इलेवन ( दिल्ली) के बीच खेला गया जिसमे पहले खेलते हुए फ्रेंड्स इलेवन दिल्ली ने 204 रन बनाए। जबकि समर्थ सेठ ने 27 गेंद पर 52 रन, अभिषेक (आसु) ने 26 गेंद पर 63 रन बनाए। हर्षित सेठी 29 गेंद पर 50 रन बनाये , नवदीप सैनी और शुभम शर्मा ने 2-2 विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए एकाडमी ऑफ नरवाल टीम 173 रन ही बना सकी, करनाल की तरफ से रिशांत कोहली ने 43 रन बनाये और दिल्ली ने यह मुकाबला 31 रन से जीता। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लैंडमार्क क्राफ्ट लिमिटेड से विपिन, विजय, दीपक, ओम स्टील से कुलदीप, लक्ष्मी क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर सुरेंद्र, प्रदीप कादयान, अमित, व मुख्य कोच नरेंद्र और कोच प्रदीप शर्मा, पाहुल, जयदीप, टीनू कुंड रणजी प्लेयर समेत बड़ी संख्या में दर्शक भी उपस्थित रहे।

## दिव्यांग महिलाएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें : डहरिया

- इंडियन सिन्थेटिक रबड़ प्राइवेट लिमिटेड ने कौशल विकास शिविर में प्रशिक्षण उपरांत बांटे प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



पानीपत। रिफाइनरी के ईडी एमएल डहरिया, आइएसआरपीएल के प्रबंध निदेशक के.जयपाल, जीएम मुकेश शर्मा ट्रेनियों का प्रमाण पत्र बांटते हुए। फोटो :हरिभूमि

इंडियन सिन्थेटिक रबड़ प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में गांव सौदापुर एवं आस-पास के 300 दिव्यांजनों व एससी, एसटी और बीपीएल महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत के तहत विभिन्न विषयों मे कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एमएल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं और दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र वितरित किए। डहरिया ने उपस्थित महिलाओं और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उदेश्य कमजोर वर्ग के दिव्यांगजनों व महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर समाज की मुख्यधारा में लाने का एक प्रयास है। आइएसआरपीएल द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए यह एक अच्छी पहल है। जिससे दिव्यांगों और महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जो समाज को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं के सुखद भविष्य की कामना की।

#### ट्रेनियों का कैंपल प्लेसमेंट हुआ

आइएसआरपीएल के प्रबंध निदेशक के.जयपाल ने बताया कि इन सभी कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर में 100-100 दिव्यांगों और महिलाओं को डाटा एंट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण 58 दिनों का, हेंडरोल अगरबत्ती व सुगंधित इसेन्स निर्माण का प्रशिक्षण 36 दिनों का और कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव का प्रशिक्षण 29 दिनों का दिया गया। आठ ट्रेनियों का का कैंपस प्लेसमेंट किया गया।

#### योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी

मुख्य महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में कई बैंकों के प्रतिनिधि, स्टार्टअप के अधिकारी एवं कॉरपोरेट के अधिकारियों ने भी शिरकत की। वहीं, आवश्यक जानकारी जैसे बैंकों से ऋण कैसे प्राप्त करें। स्वयं सहायता समूह कैसे बनाएं। अपने उत्पाद एवं व्यवसाय का प्रबंधन कैसे करें के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर आइएसआरपीएल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सैम येन, सुमेश रजक, बीरबल सिंधू, पवन कुमार, सतनाम सिंह सरपंच सिठाना, सौदापुर सरपंच अजय कुमार, विशाल कुमार, रविन्द्र खारी, प्रमोद नागर आदि सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 74 अस्पतालों में घायलों को फ्री मिलेगा उपचार

- घायल को 1.50 लाख तक का फ्री उपचार मिलेगा

अशोक शर्मा ▶▶। समालखा

सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए सरकार द्वारा निजी व सरकारी अस्पतालों में घायल व्यक्ति का डेढ लाख रूपए तक का मुक्त इलाज करने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए पानीपत के राजकीय व 74 निजी अस्पताल को इलाज की उक्त राशि सरकार की और से वहन की जाएगी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हो जाता है तो घायल व्यक्ति को कई बार पैसों के अभाव में उच्च गुणवत्ता वाला इलाज नहीं मिल पाता था। घायल व्यक्ति के लिए शुरू के कुछ घंटे गोल्डन आवर होते है। इस समय के दौरान बेहतर इलाज मिलने पर उसकी जान बचाई जा सकती है। अब इस योजना के तहत घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया जाता है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपने यहां उपलब्ध ईडार पोर्टल में घायल व्यक्ति का डेटा अपलोड करके संबंधित पुलिस थाने में भेजा जाता है। फिर उस पुलिस थाने द्वारा छह घंटे में घायल व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में घायल होने की पुष्टि की जाती है। इसके बाद घायल व्यक्ति को डेढ़ लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा मिलती है। पोर्टल पर सूचना मिलने पर पुलिस कम से कम समय में दुर्घटना स्थल पर जाकर पुष्टी करेगी। उनकी तरफ से इस संबंध में जिला के सभी पुलिस अधिकारियों व अनुसंधानकर्ताओं को विशेष निर्देश दिए गए है।

### स्वयंसेवकों ने पूरे गांव में नशे से नाता तोड़ो, खुशहाल जीवन जोड़ो के नारे लगाए

## विद्यार्थियों ने नशा विरोधी जागरूकता रैली निकाली

- गांव की वृद्ध महिलाओं के साथ लोकगीत गाए और हरियाणवी लोक संगीत सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज के एनएसएस के स्वयं सेवी विद्यार्थी, बुजुर्ग ग्रामीण को डिजिटल बैंकिंग की जानकारी देते हुए।

आईबी कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन रविवार का शुभारंभ योग अभ्यास से हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके बाद सभी ने नाश्ता किया और फिर नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने पूरे गांव में नशे से नाता तोड़ो, खुशहाल जीवन जोड़ो के नारे लगाए और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया। उन्होंने ग्रामीणों को डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के तरीके समझाए और कई ग्रामीणों की यूपीआई आईडी बनाने में सहायता की। दोपहर के भोजन के बाद, गांव की चौपाल में युवा है कहां विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने स्थानीय लोगों को अपने बच्चों को विदेश न भेजने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने देश में बेहतर अवसरों की तलाश करने के लिए जागरूक किया। शाम को स्वयंसेवकों ने नाश्ते के बाद सांस्कृतिक संध्या का आनंद लिया, जहां उन्होंने गांव की वृद्ध महिलाओं के साथ लोकगीत गाए और हरियाणवी लोक संगीत सीखा। गांव के सरपंच ने स्वयं सेवकों की सराहना करते हुए कहा, एनएसएस के इन छात्रों ने हमारे गांव में जागरूकता फैलाने का जो प्रयास किया है, वह सराहनीय है। युवाओं को नशे से बचाने, डिजिटल युग में सुरक्षित रहने और अपनी मातृभूमि में रोजगार के अवसर तलाशने जैसी बातों पर जोर देकर इन्होंने वास्तव में समाजहित में अद्भुत कार्य किया है। हमें गर्व है कि ऐसे उत्साही युवा हमारे गांव में आए और हमें नई राह दिखाई। शिविर का प्रत्येक दिन समाज कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### डिपो होल्डरों को छह माह से नहीं मिला कमीशन

**बराड़ा।** राशन डिपो होल्डरों को पिछले छह महीने से कमीशन नहीं मिला है जिससे वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। खंड राशन डिपो होल्डर यूनियन के प्रधान भूपेंद्र राणा ने बताया कि उन्हें सितंबर 2024 के बाद से अब तक राशन बांटने का कमीशन नहीं मिला है।राणा ने बताया कि उन्हें आशा थी कि सरकार दिवाली पर उनकी बकाया पेमेंट देगी लेकिन उनकी दिवाली तो बिना कमीशन के ही निकल गई और अब होली भी ऐसे ही गुजरने की आशंका है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द उनका भुगतान करने की मांग की है, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर सकें।

### पौधरोपण कर मनाया सांसद नवीन जिंदल का

**लाडवा।** युवा समाजसेवी वैभव अग्रवाल ने रविवार को गांव खेड़ी दाबदलान में किसानों व मजदूरों के साथ मिलकर भाजपा सांसद नवीन जिंदल ने लड्डू बांटकर कर जन्मदिन मनाया तथा नवीन जिंदल की लंबी आयु की कामना की गई। इस अवसर पर वैभव अग्रवाल ने अपने प्रतिष्ठान पर न केवल पौधा रोपण किया, बल्कि 101 पौधे वितरित कर किसानों व मजदूरों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित भी किया। पौधा रोपण करने वालों में वैभव अग्रवाल, जगमोहन अग्रवाल, अंकुश गोयल, सुभाष बंसल, अनिल गोयल, सौरभ अग्रवाल, कर्मबीर मुरादनगर, जसपाल मेहरा, सन्नी सिंगल, कृषव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### गायों को चारा खिलाकर मना जिंदल का जन्मदिन

**लाडवा।** भाजपा के मंडल प्रधान शिव गुप्ता, गूढ़ा के मंडल प्रधान नरेंद्र सिंह ने अपने साथियों सहित लाडवा की श्रीकृष्ण गौशाला में गायों को चारा व गुड़ खिलाकर भाजपा सांसद नवीन जिंदल का जन्मदिन मनाया व उनकी लंबी आयु की कामना की। शिव गुप्ता ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल की सोच अपने लोकसभा क्षेत्र को नशा मुक्त क्षेत्र बनाने के साथ स्वस्थ क्षेत्र बनाने की है। इसलिए सांसद नवीन जिंदल निरंतर प्रयासरत भी है। जिंदल फाउंडेशन की तरफ से पूरे लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल वैन चलाई हुई है। यह मेडिकल वैन अपने-अपने हलके के क्षेत्रों के गांवों में जोकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रही है।

### डॉ धीरज कौशिक ने शोध पत्र किया प्रस्तुत

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय इतिहास संकलन समिति हरियाणा के सचिव एवं भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र के आचार्य डॉ धीरज कौशिक ने अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के दो दिवसीय नवम युवा इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी, जनार्दन राय विश्वविद्यालय उदयपुर में हरियाणा भारतीय संस्कृति की जन्मस्थली एवं हरियाणा इतिहास की उपेक्षा पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने शोध पत्र में कहा कि हरियाणा प्रदेश का भारतीय इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। किसी भी प्रदेश की महानता उसके भौगोलिक आकार पर नहीं अपितु इस बात पर निर्भर करती है कि उस प्रदेश का राष्ट्रीय जीवन में कितना योगदान है। भारतीय संस्कृति और सभ्यता के विकास में इस प्रदेश ने अमूल्य योगदान दिया है।

## चार महीने से आर्थिक संकट का सामना कर रहे कर्मचारी

# 1792 कर्मियों पर रोजी रोटी का संकट, न प्रमोशन मिली न वेतन

**सहकारिता मंत्री को ज्ञापन देकर मामले में हस्तक्षेप करने का किया आग्रह, मंत्री बोले समस्या का होगा समाधान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। सहकारिता मंत्री को ज्ञापन देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा डेयरी विकास सहकारी संघ संबंधित वीटा मिल्क प्लांट के 1792 संविदा कर्मचारी बेहद परेशान हैं। सालों की नौकरी के बाद भी न तो इन कर्मचारियों को प्रमोशन मिल रही है। न ही समय पर वेतन। पिछले चार महीने से ये कर्मचारी वेतन को तरस रहे हैं। कर्मचारियों की ओर से एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर बीते रोज सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इन कर्मचारियों ने मंत्री से प्रमोशन के साथ लंबित वेतन देने व विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करने का आग्रह किया है।

### छह जिलों के कर्मचारी

हरियाणा डेयरी विकास सहकारी संघ से संबंधित वीटा मिल्क प्लांट में इस समय छह जिलों अंबाला, कुरुक्षेत्र, सिरसा, जींद, रोहतक व बल्लभगढ़ में 1792 कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से ज्यादातर कर्मचारी पांच से 20 सालों से वीटा मिल्क प्लांट में स्थायी रुप से काम कर रहे हैं। वीटा मिल्क प्लांट यूनियन के प्रधान भूपेंद्र सिंह, सुशील कुमार, गुलाब सिंह, रवि कुमार, सोहन लाल, जितेंद्र सिंह का आरोप है कि सालों की नौकरी के बावजूद उन्हें प्रमोशन नहीं मिला जबकि हरियाणा डेयरी डिवेलपमेंट कोऑप्रेटिव फेडरेशन मुख्यालय में एक कर्मचारी युवराज 2022 में ठेकेदार के जरिए चपड़ासी पद पर लगा था। 4 नवंबर 2022 को इस कर्मचारी को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में सेवादार के तृतीय श्रेणी में केयर टेकर के पद पर तैनात कर दिया गया। जबकि सालों से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को अभी तक पदौन्नति नहीं मिली। कर्मचारियों का आरोप है कि साजिश के तहत उनके साथ प्रमोशन में भेदभाव किया जा रहा है जबकि युवराज को एक साल के भीतर ही प्रमोशन देकर केयर टेकर बना दिया गया। कर्मचारियों का यह भी आरोप है कि युवराज को निरंतर वेतन दिया जा रहा है जबकि उन्हें चार महीने से वेतन के लिए ठोकरें खानी पड़ रही हैं। वेतन न मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा है। वे अपने परिवार की रोजी रोटी चलाने में असमर्थ हैं। बच्चों के स्कूलों की फीस तक कोई कर्मचारी अदा नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी हरियाणा कांट्रेक्चुअल कर्मचारी सिक्योरिटी सर्विस एक्ट का लाभ नहीं दिया जा रहा। इसको लेकर हरियाणा डेयरी डिवेलपमेंट की ओर से कोई भी ऑर्डर जारी नहीं किया गया। सभी कर्मचारियों ने सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा से उन्हें जल्द से जल्द से हरियाणा कांट्रेक्चुअल कर्मचारी सिक्योरिटी सर्विस एक्ट का लाभ दिए जाने की अनुरोध किया है।

### यह भी लगाया आरोप

कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया है कि एमडी रोहित यादव के आदेशों की डीडीओ दिनेश महाजन ऑफिस एडमिन शारदा मल्होत्रा पालना नहीं करती। शिकायत के बावजूद इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसी वजह से वीटा मिल्क प्लांट के सभी कर्मचारी बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि रिटायरमेंट के बाद हेड ऑफिस में स्टाफ तैनात किया गया है। इन अधिकारियों को कर्मचारियों की बजाय केवल अपने पेट से मतलब है। फिलहाल सहकारिता मंत्री ने सभी कर्मचारियों को उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# दो बहनों को सीएम ने किया सम्मानित

- सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



बराड़ा। सीएम से सम्मानित होने वाली की दोनों बहनें। फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सरकार द्वारा पंचकूला के रेड बिशप ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कस्बे की रहने वाली एसएमएस स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा तनु सभरवाल और पीएससी जैन स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा हिमानी सभरवाल को मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा सम्मानित किया गया।यह सम्मान सामाजिक कार्यों में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें समाज सेवा के कार्यों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। बता दे कि तनु और हिमानी सभरवाल पिछले लगभग 10 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। वे स्वच्छता अभियान, यातायात सुरक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे कई अभियानों का नेतृत्व कर चुकी हैं।

विशेष रूप से, उन्होंने समाज में स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए कई पहल की हैं, जिनमें स्वच्छता रैलियों का आयोजन, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाना और लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाने के लिए प्रचार-प्रसार करना शामिल है।स्थानीय लोगों ने भी तनु और हिमानी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ये दोनों बहनें युवा समाज के लिए एक मिसाल है।

# अपना हर एक पल ध्यान में लगाएं

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में ध्यान साधना शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



नारायणगढ़। सत्संग में प्रवचन सुनते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में अति विशिष्ट कार्यक्रम ध्यान साधना शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी मोहन पुरी भाई की प्रार्थना द्वारा किया गया। इसमें भक्त ने अपने जीवन का हर एक पल ध्यान में लगाने की प्रार्थना की। इसके बाद मंच पर उपस्थित संत समाज द्वारा गुरुदेव के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए तिलक एवं मौली द्वारा गुरुदेव का पावन वंदन किया गया। इस भावपूर्ण संबंध को उजागर करते हुए सर्वश्री आशुतोष महाराज के परम शिष्य स्वामी मोहन पुरी भाई ने बताया कि एक शिष्य के जीवन में साधना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि जब इस घोर कलयुग एक व्यक्ति का मन संसार की मलीनता मे फंस कर रसहीन हो जाता हैं तो भक्त अपनी हृदय भूमि को पुनः गुरू प्रेम में सींचने के लिए एक निष्ट हो कर अपनी साधना को गुरुदेव पर लक्षित करता है। साध्वी बहन सुश्री हेमसूदा भारती ने बताया कि जैसे पौधे की जड़ को जितना अच्छे से सींचा जाता हैं उतना ही पौधा फलवित होता हैं। साधकों ने पूर्ण सतगुरू द्वारा प्रदत ब्रह्मज्ञान की भक्त जीवन में प्रकाशित करने के लिए प्राण वायु साधना को बलवित करने का संकल्प लिया।

# हर्षोल्लास से मनाया होली पर्व

- जीएमएन कॉलेज में आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला





अंबाला। एक-दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व मनाते छात्र व शिक्षक।

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी स्टाफ सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। इस रंगों के त्योहार को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि आपसी भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है। कॉलेज परिसर में आयोजित इस होली उत्सव में सभी स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और फूलों की होली खेलकर इस पावन पर्व को और भी यादगार बना दिया। इस दौरान सभी ने मिलकर पारंपरिक ढंग से एक-दूसरे को रंग लगाया और मिठाइयां वितरित कीं। रंगों के इस उत्सव में चारों ओर खुशियों का माहौल बना रहा। इस अवसर पर कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा विशेष रूप से कुछ मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की सदस्याओं ने विभिन्न रोचक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कई मजेदार खेल आयोजित किए गए जिससे माहौल और भी उमंग से भर गया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्टाफ एवं नॉन स्टाफ एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाई और होली के रंगों में सराबोर होकर इस त्यौहार को धूमधाम से मनाया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन. सौंपा ज्ञापन

- कर्मचारी बोले रिटायरमेंट के बाद मिल रही है नाममात्र की पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



बराड़ा। सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चल रहे देशव्यापी आंदोलन की कड़ी में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन के बैनर तले पेंशन बहाली संघर्ष समिति की अंबाला, पंचकूला और यमुनानगर जिला कार्यकारिणी ने सांसद वरुण मुलाना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।

समिति के राज्य कार्यकारणी सदस्य सुजीत यादव ने बताया कि केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2004 और प्रदेश सरकार ने 1 जनवरी 2006 के बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बंद करके नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) लागू की। इसके तहत कर्मचारी के वेतन में से 10 फीसदी और सरकारी खजाने से वेतन का 14 फीसदी हिस्सा शेयर बाजार के माध्यम से पूंजीपतियों के हवाले कर दिया जाता है।

इससे कर्मचारी की जेब के साथ-साथ सरकारी कोष भी जोखिम के अधीन चला जाता है और कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के बाद नाम मात्र की पेंशन मिलती है, जिसके कारण उसके परिवार की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा पूरी तरह समाप्त हो जाती है।

### सांसद का आश्वासन

इस मौके पर अंबाला जिला के प्रधान रमेश कुमार ने कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति 2018 से लगातार पुरानी पेंशन के अधिकार को लेकर आंदोलनरत है। जिला महासचिव सुदेश कुमार, सुभाष जांगडा (जिला प्रधान, पंचकूला) और शशि भूषण (जिला प्रधान, यमुनानगर) ने बताया कि आगामी वित्त वर्ष में केंद्र सरकार सभी कर्मचारियों को एनपीएस और यूपीएस में से एक विकल्प चुनने के लिए बाध्य करने जा रही है। केंद्र से अपील की जाती है कि इस विषय पर पुनर्विचार करते हुए कर्मचारियों को एनपीएस या यूपीएस के लिए बाध्य करने की बजाय पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। सांसद वरुण मुलाना ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वे पहले भी कर्मचारियों की पेंशन के मुद्दे पर संजीदा रहे हैं। संसद सत्र में कर्मचारियों की इस जायज मांग को सामने रखेंगे।

# छात्रों ने मतदान के लिए किया जागरूक

- डीएवी कॉलेज की ओर से कांवला में आयोजित किया जा रहा है एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला




अंबाला। एनएसएस शिविर के दौरान हिस्सेदारी करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) कीओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गांव कांवला में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के पांचवें दिन विद्यार्थियों ने योग से दिन की शुरुआत की। डॉक्टर प्रियंका चौधरी ने कई तरह के योगासन सिखाएं। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को जिला में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा क्रियान्वित एवं कार्यक्रम जैसे सामाजिक गतिविधियां रक्तदान, कृत्रिम अंग निर्माण, सहायक उपकरण वितरण, वृद्ध आश्रम, बेघर आश्रम, जागरूकता कार्यक्रम बारे अवगत करवाया। बताया कि आप रेडक्रॉस के साथ जुडक़र मानव कल्याण के कार्य कर सकते हैं। प्राथमिक सहायता से लेकर दुर्घटना के समय सावधानी पूर्वक मौके पर प्राथमिक सहायता प्रदान कर आप किसी व्यक्ति की अस्पताल जाने से बहुमूल्य जीवन बचा सकते हैं। राकेश मक्कड़ ने दूसरे चरण में क्लिपिंग थैरेपी से हेल्थ बेनिफिट बताएं। विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस से संबंधित जानकारी दी। कैचिंग पॉवर एवं एफट्र्स जैसी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया व सेल्फ एनालिसिस से किसी भी कार्य को पूर्ण सफल बनाने के महत्व को बताया। कंप्यूटर की दुनिया से रूबरू करवाया। एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर डॉक्टर प्रियंका चौधरी एवं प्रोफेसर खुशबू मल्होत्रा ने बताया कि विद्यार्थियों ने माता रानी चौक पर नुक्कड़ नाटक कर मतदान अधिकार जागरूकता अभियान चलाया। विद्यार्थी इस कैंप में बहुत सारे विषयों पर ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं।

# महिलाएं हर क्षेत्र में छोड़ रहीं छाप

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया
- कार्यक्रम के अन्त में ब्रह्माभोजन का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



नारायणगढ़। गांव डेरा में महिला दिवस पर प्रवचन देती ब्रहमकुमारी।

उपमंडल के गांव डेरा में रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा द्वारा मूर्ति माता के घर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रीति बहन ने किया । इस अवसर पर तरुण बहन ने महिलाओं को सशक्त बनाने व उनमें आत्म विश्वास जगाने के लिए प्रेरित किया । अपने संबोधन में उन्होंने परमातम ज्ञान के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को आत्मा और परमात्मा का ज्ञान समझते हुए कहा कि हम शरीर नहीं आत्मा हैं और उस परमपिता परमात्मा की संतान हैं। हम किसी से कम नहीं हैं निर्बल नहीं हैं हम सशक्त हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने आपको जानना चाहिए और हमेशा अच्छे कार्य करने चाहिए ताकि हम स्वउन्नति के साथ साथ समाज और देश को भी आगे बढ़ा सकें ।

# ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के लिए अब किसान 20 तक कर सकते हैं आवेदन

- उपायुक्त बोले-फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्ट ई क्षति पोर्टल पर करनी होगी अपलोड
- किसान को केवल नुकसान का कारण व नुकसान का प्रतिशत भरना है : अजय सिंह तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि राज्य सरकार के फसलें के अनुसार जिला में 28 फरवरी व एक मार्च को हुई भारी बरसात व ओलावृष्टि से जिन किसानों की फसलों में नुकसान हुआ है, ऐसे प्रभावित किसान फसल नुकसान की रिपोर्ट ई-क्षति पोर्टल पर 20 मार्च तक अपलोड कर सकते हैं, ताकि फसलों में हुए नुकसान का आंकलन किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गत 20 फरवरी को जिला में हुई भारी बारिश व ओलावृष्टि के कारण जिन किसानों की रबी 2025 की फसल को नुकसान हुआ है। जिला के उन किसानों के लिए उपायुक्त की सिफारिश पर सरकार द्वारा पहले यह ई-क्षति पोर्टल पहले 10 मार्च के लिए खोला गया था लेकिन गत 28 फरवरी व एक मार्च को भी भारी बरसात व ओलावृष्टि होने की रिपोर्ट मिली थी। ऐसे में राज्य सरकार के निर्देशानुसार पोर्टल को आगामी 20 मार्च तक खोला गया है। प्रभावित किसान अब अपनी रबी फसल के नुकसान की रिपोर्ट 20 मार्च तक दर्ज करवा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि प्रभावित किसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी शिकायत, नुकसान का अनुमान फोटो सहित पूरा विवरण तुरंत दर्ज करें। पोर्टल पर शिकायत मिलने के बाद ही संबंधित पटवारी व कानूनगो खेत में जाकर उसका भौतिक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि नुकसान की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए किसान को मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसान अनुभाग में जाकर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करना अनिवार्य है। किसान द्वारा भरे गए सभी खेत का विवरण फसल सहित अपने आप खुल जाएगा। किसान को केवल नुकसान का कारण व नुकसान का प्रतिशत भरना है।

## दो दिवसीय अंतर-कॉलेज खेल टूर्नामेंट 2025 का समापन

# एमएमआईसीटी एंड बीएम की टीम ने जीता स्वर्ण

- एमएम इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस मैनेजमेंट की ओर से आयोजित प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा




बराड़ा। विजेताओ को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एमएम इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस मैनेजमेंट (एमसीए विभाग) द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर-कॉलेज खेल टूर्नामेंट 2025 का शानदार समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और संस्थानों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। यह टूर्नामेंट विश्वविद्यालय के चांसलर तरसेम गर्ग, वाईस प्रेसिडेंट डॉ. विशाल गर्ग, वाईस चांसलर डॉ. हरीश शर्मा और रजिस्ट्रार डॉ. सुमित मित्तल के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस आयोजन में कबड्डी (पुरुष वर्ग) और बैडमिंटन (महिला वर्ग) सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया, जिसमें एमएमआईसीटी एंड बीएम की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि एमएम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग की टीम को रजत पदक मिला। महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में लगभग 27 टीमों ने भाग लिया, जिसमें एमएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग की टीम ने स्वर्ण पदक और एमसीए की टीम को रजत पदक मिला।

### समापन समारोह के दौरान यह रहे मौजूद

समापन समारोह के दौरान एमएम विश्वविद्यालय के कुलपति तरसेम गर्ग ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि छात्रों में नेतृत्व और प्रबंधन कौशल का भी विकास करते हैं। इस आयोजन में विभाग से पूनम शर्मा, शिवांश मित्तल, तेजबीर, डॉ. रुबिका, कंचन, एमएम विश्वविद्यालय के खेल कोच गुरदयाल और आशीष के साथ-साथ अन्य विभागों के प्राचार्य और छात्र मौजूद रहे।